प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 20.12.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बांसवाडा दौरे पर है। श्री शर्मा शिक्षक संघ के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग ले रहे है। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि समाज में शिक्षक का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षक समाज को दिशा देने का काम करता है। उन्होंने कहा कि गुरू का महत्व हमारे जीवन को सार्थक बनाता है। मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति को रोजगारपरक बताते हुए उसकी सराहना की।

....

मुख्यमंत्री इसके बाद भीलवाडा के लिए रवाना होंगे। वे मांडलगढ कस्बे में शहरी और ग्रामीण जनसेवा शिविरों का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विकास कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल रन फॉर विकसित राजस्थान होगी।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व सैनिकों को सशक्त करने के लिए चलाई जा रही केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा प्रचार किये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने राष्ट्रीय एकता और युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करने में पूर्व सैनिकों की भूमिका की भी सराहना की है। श्री बागडे आज जयपुर में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के 26वें वार्षिक अधिवेशन के शुभारम्भ समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी पूर्व नहीं होता वो जब सेना में नहीं होता है तब भी राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाता है। राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए सभी से मिलकर काम करने का आह्वान किया। अधिवेशन में देशभर के पूर्व सैनिक, रक्षा विशेषज्ञ और समाज के विभिन्न वर्ग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि सशस्त्र सीमा बल का अटूट समर्पण, सेवा और बलिदान की सर्वोच्च परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने बल की कर्तव्य निष्ठा को राष्ट्र की सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तम्भ बताया। गृह मत्री अमित शाह ने अपने बधाई संदेश में कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करने से लेकर संकट के समय सशस्त्र सीमा बल हमेशा नागरिकों के साथ है। बल ने सदैव देश को गौरवान्वित किया है।

0000

सरकार ने वर्ष 2026–27 के बजट के लिए नागरिकों से सुझाव और विचार आमंत्रित किए हैं। बजट फरवरी में पेश किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य समावेशी विकास और राष्ट्रीय प्रगति को बढ़ावा देते हुए जनता की आकांक्षाओं और आवश्यकताओं को ध्यान में रखना है। सुझाव ॒उलहवअण्पद पोर्टल पर भेजे जा सकते हैं।

0000

भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाजार बन गया है। नागर विमानन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा है कि देश के विमान बेड़े की संख्या अब 844 हो गई है जो 2014 में 395 के मुकाबले दोगुनी से भी अधिक है। नागर विमानन महानिदेशालय की ओर से आयोजित एक संगोष्ठी में श्री सिन्हा ने कहा कि देश में पिछले एक दशक में, यात्रियों की संख्या में सालाना 9 प्रतिशत की बढोतरी हुई है।

0000

नागर विमानन मंत्रालय ने कोहरे और कम दृश्यता की स्थिति को देखते हुए सभी विमानन कंपनियों को यात्री सुविधा संबंधी मानदंडों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि विमानन कंपनियों को समय पर और सटीक उड़ान जानकारी सुनिश्चित करने, लंबी देरी के दौरान भोजन और जलपान की व्यवस्था करने और उड़ान रद्द होने की स्थिति में दुबारा बुकिंग और धनवापसी की सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रालय ने यह भी निर्देश दिया है कि समय पर चेक–इन के बाद किसी को भी बोर्डिंग से वंचित नहीं किया जाए तथा दिव्यांगजनों के लिए विशेष सहायता मुहैया करवायी जाए।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 दिसम्बर को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 129वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 दिसम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000